भूलो मत प्यारे बिहारी जी का नाम

भूलो मत प्यारे बिहारी जी का नाम,
बांके बिहारी हैं सब सुख धाम ।

बांके बिहारी की झांकी सुहानी,
महिमा महान जिनकी जाए ना बखानी ।
द्वारे पे पड़े हैं देखो इनके चारों धाम,
बांके बिहारी हैं सब सुख धाम ॥

बांके ठाकुर की बांकी ठकुरानी,
मुक्ति भी भारती है आ कर के पानी ।
सुर मुनि सब इनको करते प्रणाम,
बांके बिहारी हैं सब सुख धाम ॥

मंदिर में रहती है भीड़ बड़ी भारी,
दर्शन को आतें हैं लाखों नर नारी ।
सेवक है इनकी यह दुनिया तमाम,
बांके बिहारी हैं सब सुख धाम ॥

स्वर : श्री गौरव कृष्ण गोस्वामी जी महाराज

https://alltvads.com/bhajan/lyrics/id/388/title/bhulo-mat-pyare-bihaari-ji-ka-naam-banke-bihari-hain-sab-sukh-dhaam

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |